launcherZ
Public Relations & Events

Client CALCUTTA CHAMBER OF COMMERC
Publication PRABHAT KHABAR
Events HOW TO BUILD AN INDIAN NARRA
Date 2ND DECEMBER, 2023
PAGE :- 05

अखबार नहीं आंदोलन

प्रभात खबर

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

लगभग चार ट्रिलियन हो चुकी है देश की अर्थव्यवस्था

2026-27 तक दुनिया में नंबर वन होगी भारत की अर्थव्यवस्था : सान्याल

- भारत के खिलाफ जो नैरेटिव बनाया गया था, वह अब हो रहा ध्वस्त
- पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य ने उक्त बातें कहीं

कोलकाता. दशकों से भारत के खिलाफ जो नैरेटिव बनाया गया था, वह अब धीरे-धीरे ध्वस्त हो रहा है और दुनिया अब उभरते भारत की ओर देख रही है. देश के पिछले बेहतर नेतृत्व और देश की युवा प्रतिभा की वजह से यह संभव हुआ है. उक्त बातें प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य संजीव सान्याल ने कहीं.

कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा ""हाउ बिल्ड एन इंडियन नैरेटिव "" विषयक एक परिचर्चा सत्र को संबोधित करते हुए संजीव सान्याल ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज ग्रोथ करने वाली अर्थव्यवस्था बन चुकी है. देश की अर्थव्यवस्था लगभग चार ट्रिलियन के आंकड़े पर पहुंच चुकी है. यानी भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है. वर्तमान वित्तीय वर्ष के दूसरी क्वार्टर में भारत का विकास दर 7.6 प्रतिशत रही, यदि यही रफ्तार बनी रही तो अगले 18 महीने में हम जर्मनी और उसके अगले 18 माह में जापान को हम पीछे छोड़ देंगे. अब वह दिन भी दूर नहीं, जब भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में नंबर वन होगी. श्री सान्याल बताते हैं कि इस रफ्तार को यदि हम कायम रख सके तो 2026-27 तक नंबर वन होगी भारत की अर्थव्यवस्था.

सीसीसी के परिचर्चा सत्र में भाग लेते पीएम के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल व अन्य.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सान्याल बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था में काफी तेजी से विकास हो रहा है. ऐसे में देश को छोटे-छोटे शहरों और कसबों का भी तेजी से विकास हो रहा है. हालांकि इस दौरान प्रभात खबर द्वारा कोलकाता के विकास पर पूछे गये प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह सही है कि जहां देश में तेजी से विकास हो रहा है, वहीं इसमें कोलकाता पिछड़ता जा रहा है. हालांकि उन्होंने इसका कारण बताने से परहेज किया. उन्होंने कहा कि देश को बदलना है, तो देश को कड़े फैसले लेने होंगे. वह कहते हैं कि कुछ विदेशी एजेंसियां भारत के प्रति गलत प्रचार करती थीं, उसका हमने पर्दाफाश किया है. सबसे आश्चर्य की बात है कि यह काम देश की कुछ एजेंसियां भी कर रही थीं. इन पर अब अंकुश लगा है.

कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया ने स्वागत भाषण दिया. कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष किशन कुमार केजरीवाल, उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला, कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष और बैंकिंग, वित्त और आर्थिक मामलों की समिति के चेयरमैन राजकुमार छाजेड़ के साथ बड़ी संख्या में सीसीसी के सदस्य और महानगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

Ground Floor ,12/1/9 Manohar Pukur Road Kolkata -700026- Ph:9831362041 email:Launcherz.kol@gmail.com